# Library Resources

## विक्रमशिला पुस्तकालय

महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय अवस्थित है जिसमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें, जर्नल, शोध पत्र-पत्रिकाओं की सुविधा उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में वाचनालय भी है, जहां विद्यार्थी अवकाश के समय पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं व समाचार पत्र पढ़कर समय का सदुपयोग कर सकते हैं। इस कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए फोटो कॉपी सुविधा भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय का पुस्तकालय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है, लेकिन पुस्तक निर्गत कराने का समय प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक ही है।

पुस्तकालय के सामान्य नियमः

- पुस्तकालय में अध्ययन हेतु विद्यार्थी परिचय-पत्र साथ लावें। पुस्तकालय से पुस्तक, लायब्रेरी कार्ड प्रस्तुत करने पर ही दी जायेगी।
- पुस्तकालय कार्ड गुम जाने पर द्वितीय प्रति अतिरिक्त शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
- प्रत्येक छात्र को 1 डिजिटल लायब्रेरी कार्ड दिया जाएगा। कार्ड में केवल तीन पुस्तकें प्रदान की जायेगी।
- समस्त विद्यार्थियों को केवल 14 दिवस हेतु पुस्तक अपने पास रखने की सुविधा होगी इसके उपरांत प्रतिदिवस 05 रु. विलंब शुल्क के रूप में देय होगा।
- गृह अध्ययन के लिए पुस्तक ले जाने की वैधता केवल महाविद्यालय में नियुक्त प्राध्यापकों एवं नामांकित छात्रों को ही होगी।
- पुस्तकालय में सम सामयिक पत्र पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों की पृथक सुविधा उपलब्ध है।
- परीक्षा के पूर्व सभी विद्यार्थियों को ग्रंथालय की पुस्तकें लौटाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।
- आवश्यकता होने पर पुस्तकालय स्टाफ से मदद लेने में संकोच न करें।

नोट - यदि कोई छात्र/छात्रा उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन करता है तो पुस्तकालय की सुविधा से उपयोगकर्ता को वंचित किया जा सकता है।

### e-Library

महाविद्यालय में e-Library की सुविधा भी उपलब्ध है। विद्यार्थीगण इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालयों से जुड़कर वहां उपलब्ध पुस्तकों का लाभ ले सकते हैं।

### Book Bank

महाविद्यालय में निर्धन व गरीब विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक की सुविधा उपलब्ध है

### Library Card

महाविद्यालय में प्रवेश लेने के बाद अपने परिचय पत्र के साथ ग्रंथपाल से संपर्क करें व लायब्रेरी कार्ड प्राप्त कर लें। लायब्रेरी कार्ड निर्गत होने के उपरांत ही पुस्तक प्रदान की जावेगी।

### N- List-

एन.-लिस्ट के माध्यम से विद्यार्थीगण अपने पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों के शीर्षक, लेखक व प्रकाशन के नाम से खोजकर सरलता से पुस्तकों का उपयोग कर सकते हैं और साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पुस्तकों का ऑनलाईन माध्यम से मोबाईल पर अध्ययन कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं।




